स्पीड न्यूज

## डा आर दत्ता का निधन, आइएमए ने जताया शोक

**जमशेदपुर।** परसूडीह के नामी डॉक्टर डा रविश्वर दत्ता का आज निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि आज शाम कर दी गई। डा आर दत्ता के पुत्र डा गौरव दत्ता हैं। आईएमए जमशेदपुर ने आर. दत्ता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके परिवार से संवेदना व्यक्त किया है। डा आर दत्ता परसुडीह और आस पास के इलाके के वन ऑफ लीडिंग प्रैक्टिशनर थे।

## साई देवस्थानम, घोडाबांधा में 22 को विशेष श्रीराम विग्रह पूजा

**जमशेदपुर।** आगामी 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इस अवसर पर साई परिवार विश्व सेवा संस्थान, श्री साईनाथ देवस्थानम, घोड़ाबांधा - टेल्को , जमशेदपुर के तत्वधान में विशेष कार्यक्रम की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक श्री राम विग्रह पूजन, हनुमान चालीसा पाठ, श्री राजा राम जी की आरती की जाएगी। शाम 5.30 बजे से संध्या 6.30 बजे तक दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संध्या 6.30 बजे सीता स्वयंवर की झांकी निकलेगी। रात्रि 8 बजे प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। यह जानकारी साई देवस्थानम के अध्यक्ष अनूप रंजन ने दी है।

## कुशवाहा संघ, सरायकेला का वनभोज 21 को

**गम्हरिया।** कुशवाहा संघ, सरायकेला खरसावां की बैठक जिलाध्यक्ष शिव बालक मौर्या की अध्यक्षता में छोटा गम्हरिया स्थित शहनाई भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी रविवार, 21 जनवरी को गम्हरिया के जगन्नाथपुर स्थित फुटबॉल मैदान के समीप वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह सह वनभोज आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि उक्त समारोह में झारखण्ड के कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। बैठक के दौरान संघ के सचिव प्रो0 रविशंकर कुमार के आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव बनने पर उन्हें सम्मानित किया गया। संघ के अध्यक्ष शिव बालक मौर्या तथा संरक्षक वीपी सिंह ने उन्हें गुलदस्ता देकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर भूपेंद्र सिंह, उमेश कुमार निर्मल, विनोद प्रसाद, अरविंद सिंह, डॉ0 विजय कुमार समेत काफी संख्या में कुशवाहा समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## गोपाल मैदान में बंग उत्सव 28 को, गम्हरिया में चला अभियान

**गम्हरिया।** बंगला भाषा के प्रचार प्रसार को लेकर आगामी 28 जनवरी को गोपाल मैदान में आयोजित होने वाले बंग उत्सव को सफल बनाने के लिए सिंहभूम बंगीय एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा गम्हरिया में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा हैं। इन सदस्यों द्वारा अपनी भाषा की पहचान बनाए रखने के लिए उक्त सम्मेलन में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की जा रही है। उंक्त कमेटी में सविता बक्शी, जयंत कुमार बोस, शांति मुखर्जी, बंकिम चौधरी, भैरव प्रामाणिक, निर्मल कुमार पाल आदि को रखा गया है जिनके द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बताया गया है कि उक्त सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रवेश पत्र भी जारी किया जा रहा है जो उपरोक्त सदस्यों से प्राप्त किया जा सकता है।

## वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता संपन्न

**गम्हरिया।** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक गम्हरिया में एक समारोह आयोजित कर विगत दिनों आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव 'स्फूर्ति-2024' में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जिप सदस्य शंभू मंडल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मार्शल आर्ट, झारखंड के मुख्य अनुदेशक अमित मोदक उपस्थित थे। इन अतिथियों द्वारा बैडमिंटन, रिले रेस, क्रिकेट, कबड्डी समेत अन्य खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

### तहीं प्रकाश हमारा भयो, पटना शहर बिखै भव लयो....

# टेल्को गुरुद्वारा से निकाला भव्य नगर कीर्तन

### शीश नवा मंत्री बन्ना गुप्ता ने लगाया जयकारा, जो बोले सो निहाल

### गुरुद्वारा में टाटा मोटर्स एवं कमिंस के प्लांट हेड सम्मानित





नगर कीर्तन की अगुवाई करते पंच प्यारे, नगर कीर्तन की राह में फूल बिखेरते मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद विद्युतवरण महतो और विधायक सरयू राय, कीर्तन में शामिल स्कूली बच्चे-बच्चियां।




नगर कीर्तन में युद्ध कला का प्रदर्शन करते निहंग, टेल्को गुरुद्वारा में टाटा मोटर्स के प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी का अभिनंदन किया गया।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सरवंश दानी, साहब ए कमाल, खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिंद सिंह जी के 357 वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशाल नगर कीर्तन टेल्को गुरुद्वारा से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अगुवाई, पांच प्यारों की रहनुमाई और सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के तत्वावधान में सजाया गया। तकरीबन पौने बारह बजे पांच प्यारों ने अरदास की उसके उपरांत श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज को रुमाला एवं प्रसाद भेंट किया गया। इन्होंने पुष्प वर्षा की।

झारखंड के मंत्री बन्ना गुप्ता ने सड़क पर ही गुरु ग्रंथ साहब की पालकी के आगे शीश नवाया और मत्था टेक, बोले सो निहाल.. का जयकारा लगाया। सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक सरयू राय, जिला बीस सूत्री कमेटी के उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजू गिरि, टाटा मोटर्स के प्लांट हेड रविंद्र कुलकर्णी, कमिंस प्लांट हेड रामफल नेहरा, सीनियर जीएम संजय सिन्हा ने भी माथा टेक शुकराना अदा किया। इस मौके पर आयोजक सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह, चेयरमैन एवं झारखंड गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, महासचिव अमरजीत सिंह, कोषाध्यक्ष गुरनाम सिंह, सतबीर सिंह सोमू, कुलविंदर सिंह, परविंदर सिंह सोहल, कुलविंदर सिंह पन्नू, त्रिलोचन सिंह, नौजवान सभा के प्रधान अमरीक सिंह, निशान सिंह, दमनप्रीत सिंह आदि अरदास में शामिल हुए। इससे पूर्व टेल्को गुरुद्वारा में श्री अखंड पाठ का भोग डाला गया। सरदार सुखदेव सिंह खालसा, स्त्री सत्संग सभा, गुरकीरत सिंह, कविसर सुरजीत सिंह ने कीर्तन से संगत को निहाल किया। गुरु दरबार में विधायक सरयू राय, प्लांट हेड रविंद्र कुलकर्णी, प्लांट हेड रामफल नेहरा, जीएम संजय सिंह, सरदार भगवान सिंह, सरदार शैलेंद्र सिंह, सरदार अमरजीत सिंह को संगत और कमेटी की ओर से चैयरमैन राम किशन सिंह चेयरमैन जीत सिंह प्रधान बलविंदर सिंह, चेयरमैन गुरमीत सिंह तोते ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। नगर कीर्तन में कंट्रोलिंग की सेवा अमरीक सिंह, इंदर सिंह इंद्र एवं उनके सहयोगी कर रहे थे। टेल्को गुरुद्वारा में पुलिस सरकारी एवं कर्मी अच्छी संख्या में उपस्थित थे। यहां हजारों लोगों ने लंगर श्रद्धा के साथ ग्रहण किया।

## श्री गुरु गोविंद सिंह जी के बलिदान को कृतज्ञ राष्ट्र कभी नहीं भूलेगा : काले

**जमशेदपुर।** आज जमशेदपुर सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के तत्वावधान में अत्यंत गरिमामय रूप से नगर कीर्तन सही समय व पूरे मयार्दा से संपन्न हुआ। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य लोगों ने टेल्को गुरुद्वारा पहुँच माथा टेका और गुरु महाराज जी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर बीजेपी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता व समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले ने समस्त भारत वासियों को गुरु महाराज जी के प्रकाश पर्व की बधाई दी है।



उन्होंने कहा कि शौर्य, तप, त्याग, वीरता और समर्पण के प्रतीक सिख धर्म के दसवें गुरु व खालसा पंथ के संस्थापक श्री गुरु गोविंद सिंह जी को आज पूरा राष्ट्र उनके तप व बलिदान के लिये कृतज्ञता अर्पित करता है और उनके श्री चरणों में शत शत नमन करता है जिन्होंने अपने देश व धर्म की रक्षा के लिए एक अद्भुत मिशाल कायम करते हुए अपना पूरा परिवार शहीद करवा दिया लेकिन जुल्म व प्रताड़ना के खिलाफ डट कर संघर्ष किया और धर्म की लड़ाई में फतेह हासिल की।

काले ने कहा की उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना करते हुए ऊँच और नीच की दीवार को सदा के लिये दफ़्न कर दिया जो उस समय के लिये बहुत बड़ी चुनौती थी।

## खालसा क्लब ने संगत की सेवा की

**जमशेदपुर।** गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के 357 वें प्रकाश पर्व को समर्पित निकली विशाल नगर कीर्तन में शामिल स्कूली बच्चों और संगत की सेवा बिष्टुपुर खालसा क्लब के द्वारा की गई। बच्चों के बीच पांच हजार पैकेट नमकीन एवं पेयजल की बोतल वितरित किया गया। क्लब की ओर से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की महाराज की सवारी को पुष्प एवं मिष्ठान प्रसाद ट्रस्टी



सरदार संता सिंह, प्रधान भगवंत सिंह रूबी, उपाध्यक्ष ज्योतिंद्र सिंह बब्बू, महासचिव नरेन्द्र सिंह, सचिव कुलविंदर सिंह ने भेंट किए। ट्रस्टी संता सिंह ने सीजीपीसी प्रधान भगवान सिंह एवम अन्य पदधारियों तथा संगत को श्री गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व की बधाई दी। इस मौके पर गुरमीत सिंह लाडी, सुरिंदर सिंह, सरबजीत सिंह लाली, मनजीत सिंह, निहाल सिंह, सरबजीत सिंह, भगवंत सिंह, एचएस बेदी, सतवरण सिंह, दलजीत सिंह और बीबियों ने सेवाएं दीं।

# सूर्यधाम में 22 जनवरी को दिन भर होगा धार्मिक अनुष्ठान

### 21 को पाहुन प्रभु राम एवं धीया जानकी के लिए मिथिलावासी लाएंगे उपहार



राममंदिर सह सूर्य मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाने वाले स्वयंसेवक।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** 22 जनवरी को अयोध्याधाम में होने वाले प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में भी जोरों से चल रही है। एक ओर जहां सूर्यधाम सिदगोड़ा में 21 जनवरी की संध्याकाल में एवं 22 जनवरी को दिनभर धार्मिक अनुष्ठान होगा तो वहीं, बुधवार को सूर्य मंदिर समिति के सदस्यों ने मंदिर परिसर में वृहद सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह समेत सभी सदस्यों के द्वारा पूरे उत्साह से पानी एवं झाड़ू लगाकर परिसर के सभी मंदिरों के फर्श, दीवार एवं छतों की साफ-सफाई की गई। अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ तीर्थ अभियान के आह्वान पर स्वच्छता अभियान में जुटे मंदिर के सदस्यों ने पूरे परिसर के प्रत्येक कोनों की व्यापक साफ-सफाई की। इस दौरान स्थानीय श्रद्धालुओं ने भी सफाई अभियान में हाथ बंटाया।

इस अवसर पर जानकारी देते हुए सूर्य मंदिर के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि अयोध्याधाम की तर्ज पर सूर्य मंदिर में बने राम मंदिर में 21 और 22 जनवरी को पुरोहितों द्वारा विधिवत धार्मिक अनुष्ठान होगा। बताया कि पूरा विश्व ऐतिहासिक दिवस 22 जनवरी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अनुष्ठान के निमित्त सूर्य मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर शहर में उत्सव का माहौल है।

वहीं, सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सूर्य मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले राम उत्सव की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इसके साथ ही मंदिर परिसर को सजाने को लेकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 21 जनवरी को मिथिलांचल के श्रद्धालु पाहुन प्रभु श्रीराम के लिए भार लेकर सूर्य मंदिर आएंगे। जहां मिथिलांचल के लोगों के द्वारा विधिवत पूजन किया जाएगा। वहीं, 22 जनवरी को सूर्य धाम में दिनभर विभिन्न अनुष्ठान किये जायेंगे। जिसमें सुबह में पूजन, रामरक्षा स्तोत्र का पाठ एवं दोपहर में हवन, आरती, शंखनाद, प्रसाद वितरण होगा। संध्या 3 बजे से रामचरितमानस सुंदरकांड का पाठ, महाआरती, दीपोत्सव, भव्य आतिशबाजी के साथ श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया जाएगा। सूर्य मंदिर समिति के वरीय सदस्य दिनेश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ तीर्थ अभियान के आह्वान पर शहर के रामभक्तों के द्वारा विभिन्न मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाकर प्रभु श्रीराम के आगमन की भव्य तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में, सूर्य मंदिर परिसर में बहुत ही उत्साह के साथ साफ-सफाई की गई।

## श्रीराम लला प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का दो दिवसीय महोत्सव का होगा आयोजन



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते भाजपा नेता विनोद सिंह। साथ में मंदिर कमेटी के पदाधिकारीगण।

**जमशेदपुर।** अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर एवं गर्भगृह में रामलला प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम उत्सव के सम्मान हेतु श्री राम मंदिर,सोनारी में दिनांक 21 एवं 22 जनवरी 2024 को उत्सव मनाया जायेगा। आगामी 22 जनवरी 2024 दिन सोमवार को अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर एवं गर्भगृह में रामलला प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है जिसे भारत सहित पुरे विश्व के सभी सनातनी एक साथ साक्षी बनेगे इस दिन को मादगार बनाने के लिए श्रीराम मंदिर सोनारी द्वारा दिनांक 21 एवं 22 जनवरी को मंदिर प्रांगण एवं सोनारी क्षेत्र में भी इसे उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। उक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि 21 जनवरी को प्रातः 9:00 बजे से कलश यात्रा सह शोभा यात्रा निकाली जायेगी जो श्री राम मंदिर सोनारी से सोनारी क्षेत्र का ये पूरी करते हुए दोमुहानी नदी, फिर वापस मंदिर प्रांगण तक आकर संपन्न होगी।

## इंद्रजीत ने धारण किया पंजाबी अक्षर वाला शॉल

**जमशेदपुर।** आज गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती के शुभ अवसर पर शहर में नगर कीर्तन दरबार में पालकी साहब का नगर कीर्तन निकाला गया। इस अवसर पर जवाहारनगर गुरुद्वारा की ओर से लंगर की भी व्यवस्था की गई जिसमे शहर के जाने माने समाजसेवी मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान,सेंट्रल पीस कमिटी के सदस्य सरदार गुरुचरण सिंह,एडवोकेट डीसी धर, मुख्य प्रधान जसवीर सिंह संधू, सचिव मिट प्रधान कमलजीत सिंह, मंजीत कौर उपस्थित होकर थे।

## जवाहरनगर गुरुद्वारा में प्रकाश पर्व पर की गई लंगर की व्यवस्था

**जमशेदपुर।** आज गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती के शुभ अवसर पर शहर में नगर कीर्तन दरबार में पालकी साहब का नगर कीर्तन निकाला गया। इस अवसर पर जवाहारनगर गुरुद्वारा की ओर से लंगर की भी व्यवस्था की गई जिसमे शहर के जाने माने समाजसेवी मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान,सेंट्रल पीस कमिटी के सदस्य सरदार गुरुचरण सिंह,एडवोकेट डीसी धर, मुख्य प्रधान जसवीर सिंह संधू, सचिव मिट प्रधान कमलजीत सिंह, हरजिंदर सिंह जिंदे, सुखविंदर सिंह चिंदी, जकीरनगर इमामबाड़ा के अभिभावक मोहम्मद फिरोज आलम,प्रधानी सरंजीत कौर,मंजीत कौर उपस्थित होकर थे।

खबर एक नजर में

## एमजीएम के पारा मेडिकल स्टाफ ने डीसी ऑफिस पर किया प्रदर्शन

**जमशेदपुर।** एमजीएम अस्पताल और सदर अस्पताल में कार्यरत पारा मेडिकल स्टाफ ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक्स-रे और लैब टेक्निशियन के 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रोकने की मांग पर आज डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के पश्चात इन प्रदर्शनकारियों ने डीसी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि पूर्व के निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं झारखंड सरकार रॉंची पत्रांक को अनुबंध पर कार्यरत फर्जी अभ्यर्थियों को 15 दिन का प्रशिक्षण मेडिकल कॉलेजों में कराने का निर्देश दिया गया था । इसको लेकर एसोसिएशन के नेतृत्व में 23/09/2022 के आलोक में निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं से वार्ता हुई। उन्होंने कुछ दिन के लिए स्थागित कर दिया लेकिन कुछ भी विभागीय पत्र निर्गत नही हुआ । किन्तु निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं के पद स्थांतरण के बाद पुनः इसी को दोहराया गया है। पहले का पत्र को सुझाव दे कर निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं से दिनांक 19/5/23 और 02/6/2023 के अनुसार सभी फर्जी अनुबंध कर्मियों को 15 दिन का प्रशिक्षण पुरा कराया गया । निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं के निदेर्शानुसार 2 वर्ष का कोर्स 15 दिन में कराया गया । उनका निबंधन झारखंड राज्य पारा मेडिकल परिषद् मे जारी है, जो गलत है जिनका प्रमाण पत्र भारत सरकार एवम् किसी भी राज्य सरकार से मान्य नहीं है। इसे रोकने की जरुरत है। झारखंड राज्य पारा मेडिकल परिषद् राँची में हुए फर्जी निबंधन को रद्द कर के हो रहे फर्जी निबंधन को रोका जाय । अंततः पुनः एसोसिएशन की पत्रांक 155/खरफ/2023 दिनांक 6/1/2024 को खरढउ में हुई फर्जी निबंधन को रद्द करते हुए हो रहे फर्जी निबंधन को रोकने हेतू संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन से आग्रह किया गया हैं।

## मिथिला सांस्कृतिक परिषद ने बाबा कुटी में किया कंबल वितरण

**जमशेदपुर।** आज 17 जनवरी को मिथिला सांस्कृतिक परिषद, जमशेदपुर के द्वारा आदित्यपुर स्थित बाबाकुटी में कम्बल वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद लोगों को संस्था के द्वारा कम्बल उपलब्ध कराया गया। विगत कुछ समय से शहर में कड़ाके की ठंड पड रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए परिषद द्वारा अलग अलग जगहों पर कम्बल वितरण का आयोजन रखा गया है। संस्था के द्वारा कम्बल वितरण का कार्यक्रम सहयोगकर्ता अनिल झा आदित्यपुर, गणेश चन्द्र झा बागबेड़ा वीणा झा गोलमुरी और सुमित झा कदमा के सहयोग से सम्भव हो सका है। परिषद अपने सहयोगकर्ता को इस पुनीत सामाजिक कार्य में सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता है। कम्बल वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष शिशिर कुमार झा, सुजीत कुमार झा सहित संपूर्ण कार्यकारिणी का योगदान रहा।

## जयदा टुसु मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुईं विधायक सविता

**चांडिल।** ऐतिहासिक जयदा टुसु मेला एवं दुबराजपूर और कुरली में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बुधवार को विधायक सविता महतो शामिल हुईं। इस दौरान विधायक सविता महतो कुरली में पाता नाच में शामिल होकर मांदर के थाप पर जमकर थिरकीं। इस दौरान विधायक ने जयदा टुसु मेला में लोगो को मकर पर्व का शुभकामनाएं देते हुए मिठाई का वितरण किया। विधायक ने कहा संस्कृति हमारी पहचान है इसे बचाए रखने की जरूरत है। विधायक ने युवा पीढ़ी के लोगों से इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का अपील किया। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य गुरुचरण किस्कु, काबलु महतो, कृष्णा किशोर महतो, राजू किस्कु, अर्जुन सिंह मुंडा, बैद्यनाथ टुडू, विश्वनाथ गोप, सुदामा हेंम्ब्रम, राहुल वर्मा, मेहताब आलम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## ड्यूटी के दौरान ठंड से मरे चेसिस ड्राइवर के परिवार को मिला 3.50 लाख मुआवजा

**जमशेदपुर।** राहरगोड़ा, गादरा निवासी कन्वाई चालक श्री मुकुंद सिंह, टाटा मोटर्स का चेचिस लेकर जम्मु जा रहे थे। रास्ते में दिनांक 14 जनवरी को कानपुर में ठंड लगने के कारण इनका देहांत हो गया। पार्थिव शरीर जमशेदपुर आने पर परिवार के लोगों और बस्तीवासियों ने जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ती के नेतृत्व में टाटा मोटर्स प्रबंधन से मुआवजे की माँग की। टाटा मोटर्स से हुए समझौता के तहत 3 लाख 50 हजार देने पर सहमति बनी। टाटा मोटर्स प्रबंधन ने जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ती, विश्वजीत भगत, राजु सामंत, राजेश सिंह, राकेश सिंह सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में मृतक के पुत्र को 50 हजार नगद और 3 लाख रु. का चेक सौंपा। मृतक के परिजनों ने इसके लिए जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ती के प्रति आभार प्रकट किया है।

## काशीडीह दुर्गामंदिर में गायत्री परिवार ने किया दीप महोत्सव

**जमशेदपुर।** तुमने आंगन नहीं बुहारा कैसे आएंगे श्री राम, गुरुवर दया के सागर, नौजवानों उठो वक्त यह कह रहा खुद को बदलो जमाना बदल जाएगा, धरा पर अंधेरा बहुत छा रहा है दिए से दिए को जलाना पड़ेगा। सरीखे युग संगीत एवं राष्ट्र संगीत के सुमधुर प्रस्तुति मौका था अखिल विश्व गायत्री परिवार का युवा प्रकोष्ठ नवयुग दल एवं प्रज्ञा महिला मंडल की ओर से आयोजित संगीतमयी दीप महायज्ञ का जो की काशीडीह दुर्गा मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुआ। ज्ञात हो की श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में गायत्री परिवार की ओर से 14 जनवरी से 22 जनवरी तक चलने वाले दीप महायज्ञ मे टी सीरीज म्यूजिक कंपनी के गायक , म्यूजिक डायरेक्टर एवं लेखक श्री अविनाश कर्ण जी की सुंदर प्रस्तुति एवं पूरे कर्मकांड विधान के साथ संगीतमय दीप महायज्ञ किया गया । श्री अविनाश कर्ण जी ने गायत्री परिवार की समाज एवं राष्ट्र निर्माण में किए कार्यों की विस्तृत व्याख्या उपस्थित जन समुदाय के सामने रखा। मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित भाजपा नेता श्री अभय सिंह ने भी अपने विचार एवं अपनी स्मृतियों से जन समुदाय के सम्मुख गायत्री परिवार के युग निर्माण की राह में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रज्ञा महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती रेखा शर्मा ने की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नवयुग दल युवा प्रकोष्ठ एवं प्रज्ञा महिला मंडल के सभी कार्यकताओं का सराहनीय योगदान रहा ।

## शौर्य संस्था ने महिला को प्रदान किया व्हील चेयर

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की सामाजिक संस्था शौर्य के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की 161 वी जयंती पर मानवता का कार्य किया गया। बिरसानगर जोन नो 1, दासपाड़ा में निवास करने वाली आदिवासी महिला श्रीमति सुबिल सरदार जिसको पैरालिसिस की शिकायत हैं, उसें व्हील चेयर प्रदान की गई। संस्था के संस्थापक अमरजीत सिंह राजा ने बताया कि पीड़ित महिला के पुत्र रमेश सिंह सरदार ने संस्था के सदस्य गौतम दास के माध्यम से व्हील चेयर की सहायता मांगी थी। माली हालत होने के कारण परिवार उसकी पूर्ति नही कर पा रहा हैं। बता दे कि पीड़ित महिला सुबिल सरदार पिछले दिनों अपने घर पर गिर गयी थी और पैरालिसिस का अटैक हुआ था। एक तरफ शरीर ने काम करना बंद कर दिया, जिस कारण वह चलने-फिरने में पूर्ण रूप से असमर्थ हैं। कही भी जाने-लाने एवं घर की दिनचर्या में गोदी में लेकर जाना पड़ता हैं। जानकारी मिलने पर शौर्य संस्था ने त्वरित व्हील चेयर की सेवा उपलब्ध कराई गई। साथ ही संध्या बेल में युवा संत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती गोलमुरी स्थित कार्यालय पर मनाई गई। स्वामी जी की आदम कद तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए गए व दीप प्रज्वलित किया गया।

# उपायुक्त के औचक निरीक्षण में अनुपस्थित मिले कर्मी, वेतन स्थगित

## समाहरणालय व कचहरी के विभिन्न कार्यालयों का डीसी ने किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को कार्यालय अवधि शुरू होने के करीब एक घंटे बाद ही अपने चैंबर से निकल विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले वे समाहरणालय भवन में अवस्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इसके बाद समाहरणालय परिसर के बाह्य भाग अथार्त कचहरी परिसर में अवस्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय में उपस्थित एवं अनुपस्थित कर्मियों की जानकारी ली।

कार्यालयों में कर्मियों की अनुपस्थिति पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। विभिन्न कार्यालयों में उपस्थित कर्मियों से उनके सहयोगी कर्मियों के संबंध में कार्यालय अवधि में अनुपस्थिति का कारण पूछते हुए सभी एक दर्जन से अधिक कर्मियों के वेतन स्थगित रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त के निरीक्षण के दौरान समाहरणालय के ब्लॉक-ए भवन में अवस्थित नजारत शाखा के नाजीर राम राज राम, अनुसेवक सुजीत कुमार अनुपस्थित पाए गए। स्थापना शाखा के निरीक्षण के दौरान देवेन्द्र कुमार, राजेश कुमार सिन्हा, शशि शुक्ल, सतीश दुबे, प्रतिमा देवी व सतेंद्र कुमार मेहता अनुपस्थित पाये गये। योजना शाखा के निरीक्षण में भी कर्मी अनुपस्थित मिले। इसपर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई।

उपायुक्त ने समाहरणालय के ब्लॉक-सी स्थित भूमि संरक्षण कार्यालय का भी निरीक्षण किया। यहां की पूर्णिमा कुमारी अनुपस्थित मिली। डीआरडीए शाखा के औचक निरीक्षण में एपीओ सुधीर कुमार अनुपस्थित पाए गये। इसके बाद उपायुक्त समाहरणालय के बाह्य भाग में अवस्थित रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण किया। यहां विजय कुमार गुप्ता व ब्रज किशोर राम अनुपस्थित पाए गये। उपायुक्त अवर निबंधन कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। इसके अलावा उपायुक्त निर्वाचन कार्यालय, लेखा कार्यालय, सामाजिक सुरक्षा, जिला कोषागार कार्यालय, खासमहल कार्यालय, सदर अनुमंडल कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण किया।

### कार्यशैली में सुधार लायें पदाधिकारी व कर्मी : उपायुक्त

**उपायुक्त शशि रंजन** ने विभिन्न कार्यालयों एवं शाखाओं के औचक निरीक्षण में असंतोष व्यक्त करते हुए कार्यालय प्रधान एवं कर्मियों के प्रति नाराजगी जताई। उन्होंने सभी को कार्यशैली में सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यालय के निर्धारित अवधि में उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि आमजनों को परेशान नहीं होना पड़े। उन्होंने सभी कार्यालय कर्मियों की बायोमीट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। उन्होंने सभी को इमानदारी पूर्वक दायित्व निर्वहन की नसीहत दी। उपायुक्त ने कार्यालय एवं कार्यालय परिसर को स्वच्छ रखने का निदेश दिया। साथ ही दस्तावेजों -अभिलेखों का व्यवस्थित रखरखाव एवं सुरक्षित करने का निर्देश कर्मचारियों को दिया।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने आमजनों की सुनी समस्या



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडो से आये नागरिकों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। चैनपुर से आई प्रीति कुमारी ने उपायुक्त से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिलाने हेतु अनुरोध किया। वहीं सबिला बीवी ने हरा राशन कार्ड बनाने के संबंध में अपना आवेदन दिया। पाटन के अरुण कुमार ने मनरेगा से शेड बनाने हेतु सामग्री मद से राशि भुगतान करने संबंधी आवेदन उपायुक्त को समर्पित किया। जनता दरबार में आवास योजना, बैंक से संबंधित मामले,स्वास्थ्य, वृद्धा पेंशन,जमीन, राशन, पानी आदि से संबंधित मामलों से लोगों ने अवगत कराया। उपायुक्त ने टेलीफोन के माध्यम से कई अधिकारियों से बात कर तुरंत मामलों को निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## स्पीड न्यूज

### डीलर की दुकान पर किया गया चना दाल का वितरण

**उंटारी रोड (पलामू)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जोगा के जनवितरण प्रणाली दुकानदार विजय नारायण सिंह के दुकान पर बुधवार को जोगा पंचायत मुखिया कमला देवी व उपमुखिया रूपेश कुमार सिंह द्वारा चना दाल का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया कमला देवी ने कहा कि सरकार द्वारा दी जाने वाली राशन, चना दाल जैसी चीजों पर जनता अपना हक न छोड़े। झारखंड सरकार अपनी महत्वाकांक्षी योजना के तहत गरीबों को राशन उपलब्ध कराने के साथ साथ चना दाल उपलब्ध करा रही है।

### सतौवा भगवती मंदिर की हुई सफाई

**पाटन (पलामू)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 22 जनवरी तक तीर्थ स्थलों एवं मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत पाटन प्रखंड अंतर्गत पंचायत सतौवा में भगवती मंदिर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सफाई अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह के द्वारा किया गया। इसमें कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### बिरसा किसान रथ को किया गया रवाना

**उंटारी रोड (पलामू)।** उंटारी रोड में बिरसा किसान रथ का परिचालन विभिन्न पंचायत में किया गया। झारखंड सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर किसानों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए बिरसा किसान रथ का परिभ्रमण किया गया। इस रथ में श्रव्य-दृश्य के माध्यम से झारखंड सरकार के द्वारा संचालित कृषि व संबद्ध विषयों की सारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

### रेहला मेसर्स संटेक ने किया कंबल वितरण

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला मेसर्स संटेक प्लास्टिसाइजर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा मंगलवार को नगर परिषद के वार्ड आठ और नौ मे 202 लोगों के बीच कंबल वितरित किया गया। वार्ड नौ के वितरण समारोह की अध्यक्षता वार्ड पार्षद दिनेश शुक्ला व संचालन पंडित विजय शुक्ला ने किया। जबकि वार्ड आठ के वितरण समारोह की अध्यक्षता पार्षद नाजमुदीन नूरी ने किया। जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कंपनी के प्रतिनिधि नरेश यादव,अशोक यादव,प्रो.नंदलाल शुक्ला व लालबाबू शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया।

### भाजपा किसान मोर्चा की बैठक संपन्न

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की बैठक जिला कार्यालय में की गई। बैठक में मुख्य अतिथि किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सह पलामू जिला प्रभारी वैभव सिंह, विशिष्ट अतिथि भाजपा के पलामू जिला अध्यक्ष विजया नंद पाठक उपस्थित थे। मौके पर वैभव सिंह ने कहा हम सभी कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचना है।

## बीरनाथ की प्राण प्रतिष्ठा में बिरहा संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** शहर के वार्ड नंबर 12 बगीचा में स्थित बाबा बीरनाथ मन्दिर का नवनिर्माण व प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर बिरहा भोजपुरी बिरहा का आयोजन किया गया। 16 जनवरी को सैकड़ों लोगों ने जपला सोन नदी से कलश यात्रा व जलभरी किया,इसके पश्चात बुधवार को विधिवत पूजा अर्चना कर मन्दिर में मूर्ति स्थापित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महुदंद पंचायत के पूर्व मुखिया विजय प्रसाद यादव,नगर अध्यक्ष शशि कुमार , व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ,भाजपा नेता नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता व अन्य लोगो ने फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। इस कार्यक्रम में गायक बिरहा सम्राट बिहारीलाल यादव गाजीपुर उत्तर प्रदेश एवं गायिका इंदू रागनी मोहनिया भभुआ बिहार ने एक से बढ़कर एक बिरहा संगीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम स्थल पर हजारों की संख्या में महिला व पुरुष लोग शामिल थे इस कार्यक्रम से पूरा क्षेत्र भक्ति विभोर हो गया। मौके पर मुखिया विजय यादव ने कहा कि बाबा बीर नाथ हमसब के कुल देवताओं में से एक इनके मंदिर स्थापित होने से क्षेत्र में भक्ति व शांति की उन्नति होगी। मौके पर चेयरमैन ने कहा कि कलान्तर के समय से यह स्थान पुजी जाती थी । यहाँ हमलोगों की बचपन की यादों और इस क्षेत्र के हर किसान परिवार इस स्थान पर पूजा करते थे । बीर नाथ सब पर कृपा बनाते थे यहाँ स्थाई रूप में मन्दिर से सबको लाभ मिलेगा। पूरे पूजा का अनुष्ठान पंडित सरोज वैद्य ने करवाया। मौके पर राजद के युवा नेता रवि यादव,मदन पासवान, अनुज कुमार चौधरी समाज सेवी राजेश्वर यादव ,उदय सोनी, राजेश यादव, प्रमोद कुमार सिंह, महेंद्र यादव, उदय यादव ,अजय यादव समेत कई लोगो ने इस पूजा को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## एमएमसीएच को सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनाने की दिशा में किये जा रहे कार्य : शशि रंजन

### डीसी ने 100 बेड वाले मदर एंड चाइल्ड हेल्थ यूनिट का किया उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को 100 बेड वाले मदर एंड चाइल्ड हेल्थ यूनिट का उदघाटन किया। ये मदर एंड चाइल्ड हेल्थ यूनिट आमजनों के लिये उपलब्ध हो गया। अब एक ही छत के नीचे नवजात बच्चे व गर्भवती महिलाओं का समुचित इलाज हो सकेगा।

इस मदर एंड चाइल्ड हेल्थ यूनिट के परिसर में 50 बेड का मेटरनिटी वार्ड व 50 बेड का स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट का निर्माण कराया गया है। न्यूबॉर्न केयर यूनिट के क्रियाशील होने से पलामू में जन्म लेने वाले बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करायी जा सकेगी। इस यूनिट में नवजात बच्चों का बेहतर इलाज हेतु रेडिएंट वार्मर,मल्टी पारा मॉनिटर, सिरिंज इनफ्यूजन पंप,चाइल्ड वेंटिलेटर,सभी बेड पर ऑक्सीजन सप्लाई समेत अन्य स्वास्थ्य उपकरणों का अधिष्ठापन कराया गया है। ज्ञातव्य है कि इसके पूर्व एमएमसीएच में नवजात शिशु देखभाल केंद्र के सिर्फ 12 बेड ही उपलब्ध थे।

### 50 बेड का मेटरनिटी वार्ड भी हुआ क्रियाशील

**एसएनसी** यूनिट के अलावे गर्भवती महिलाओं के लिये भी एमएमसीएच में 50 बेड का मैटरनिटी वार्ड भी फंक्शनल हो गया है। सभी बेडों पर 24*7 ऑक्सीजन सप्लाई की व्यवस्था है। यहां ओपीडी में हर समय स्त्री रोग विशेषज्ञ के डॉक्टर उपस्थित रहेंगे। इसके अलावे ऑपरेशन थिएटर में भी सभी आवश्यक सुविधाएं बहाल कर दी गयी है। मौके पर सहायक समाहर्ता रवि कुमार,सिविल सर्जन डॉ अनिल,डीपीएम दीपक समेत अन्य उपस्थित थे।

### 20 बेड की आइसीयू व 5 बेड की सीसीयू तैयार होगी

**उपायुक्त** शशि रंजन ने बताया कि आगामी एक महीने में एमएमसीएच में 20 बेड का इंटेंसिव केयर यूनिट व 5 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट बनाया जायेगा। इसके लिये जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में संबंधितों को निर्देशित किया गया है। इन स्पेशल यूनिट को उच्च तकनीक से लैस किया जायेगा। इसके लिये डीपीएम को इक्विपमेंट्स की लिस्टिंग करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही इस यूनिट के लिये डॉक्टर, पैरामेडिकल और नर्सेज की सूची बनाने को लेकर सिविल सर्जन को कहा गया है।

### एमएमसीएच में टोकन सिस्टम लागू करने का निर्देश

**उपायुक्त** ने एमएमसीएच में टोकन सिस्टम को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने जर्जर पड़े भवनों व अनावश्यक बाउंडरी वॉल को भी ध्वस्त करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही खराब पड़े शौचालयों को दुरुस्त करने,पेयजल के उत्तम व्यवस्था को बहाल करने को लेकर संबंधितों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि आनेवाले दिनों में एमएमसीएच को सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का रूप दिया जायेगा।

## हुसैनाबाद क्षेत्र की चार सड़कों को मिली प्रशासनिक स्वीकृति

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद की चीर प्रतीक्षित हुसैनाबाद व हैदरनगर प्रखंड की चार ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्य को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण सड़कों को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। इस आशय की जानकारी हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र की एक एक ग्रामीण सड़कों को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत गांव की सड़क समस्या का निदान कर दिया गया है। छह माह के अंदर 10 प्रतिशत गांव की सड़कों को भी दुरुस्त कर दिया जाएगा।



कमलेश कुमार सिंह।

उन्होंने कहा कि जिन सड़को की स्वीकृति मिली है,उसमे हुसैनाबाद के कजरात नावाडीह स्टेशन से शिवा बिधा पीडब्लूडी मेन रोड भाया बहेरा तक, देवरी खुर्द बनकट मोड़ से देवरी स्कूल तक, जपला पथरा पथ बेनीकला यात्री शेड से बंधुबीघा सिरहा होते हुए आरईओ पथ सदाजल तक, पांति सिंघना मेन रोड नीमतर मोड़ से पांति बटाउखाप एवं बटुनाडीह होते हुए मेन रोड तक पथ निर्माण कार्य शामिल है। श्री सिंह ने कहा कि स्वीकृत सभी सड़को की शीघ्र निविदा निकलने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इन सड़कों पर करीब 1156.280 लाख रुपए खर्च आयेंगे। उन्होंने कहा कि जो लोग विकास को लेकर सवाल उठाने का काम करते हैं, उन्हे पीछे के जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल का भी आकलन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कहीं कोई समस्या है तो क्षेत्र का कोई भी नागरिक उन्हें जानकारी दें। उसका समाधान सम्मान के साथ किया जाएगा।

## पूर्व सैनिकों ने सेना दिवस पर शहीदों को किया नमन



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद् हुसैनाबाद स्थित कार्यालय में बुधवार को भारतीय सेना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर हुसैनाबाद के विभिन्न स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। कार्यक्रम के अध्यक्षता लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद तथा संचालन पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश रंजन उपस्थित रहे। सेना दिवस की शुरूआत दीप प्रज्वलित भारत माता वंदन एवं शहीद जवानों को पुष्प अर्पित करते हुए वंदे मातरम के साथ की गई । इस दौरान वीर शहीदों को याद किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेम प्रसाद ने वीर शहीदों के गुणगाण करते हुए वीर नारी आगंतुक अतिथियों एवं सभी सैनिको को स्वागत किया और कार्यालय द्वारा कि जा रही समाजिक कार्यों की जानकारी दी । कार्यक्रम में उपस्थित संगठन संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने इस तिथि का महत्व को बताया उन्होंने वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हम सभी पूर्व सैनिक मिलकर हुसैनाबाद के युवाओं को भारतीय सेना में जाने के लिए मार्गदर्शन कर रहे हैं। नवजवानों को कैरियर बनाने में हमारा संगठन सार्थक सहयोग कर रहा है। सभी को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने सभी छात्रों को एक सैनिक की तरह सदैव तत्पर रहने की सलाह दी। मुख्य अतिथि बीडीओ रौशन कुमार ने शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पूर्व सैनिकों को धन्यवाद दिया।

## गरीबों का दर्द बांटने का प्रयास करते रहता हूं : अभिमन्यु सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** युवा बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने बुधवार को विश्रामपुर नगर परिषद के विशुनपुर व गोदरमा गांव में निजी खर्च से 25 सौ लोगों के बीच कंबल वितरित किया। समारोह में पहुंची सभी महिलाओं,बुजुर्गों और दिब्यांगों को बबलू सिंह ने अपने हाथों से कंबल ओढ़ाया। मौके पर उन्होंने कहा कि गरीबी में पला बढ़ा हूं। गरीबों का दर्द खूब समझता हूं इसलिए गरीबों का दर्द बांटने का प्रयास करते रहता हूं। उन्होंने क्षेत्र की भलाई हेतु राजनीतिक नेतृत्व परिवर्तन का अपील करते हुए कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र से अंजू सिंह को एक बार अपना आशीर्वाद प्रदान करें। यहां बताते चलें कि बसपा नेता बबलू सिंह और पूर्व विस प्रत्यासी अंजू सिंह कंबल महा वितरण अभियान चला रहे हैं। इसी अभियान के तहत बिश्रामपुर नगर परिषद मे दूसरे दिन कंबल वितरित किया गया। युवा बसपा नेता राहुल दुबे ने बताया कि विश्रामपुर विस क्षेत्र के सभी गांवों में जाकर अभावग्रस्त लोगों को कंबल दिया जा रहा है।

## खबर एक नजर में

### शहर के लिए वरदान है द हेयर स्पीक पार्लर

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पार्लर का उद्घाटन करते हुए कहा कि पलामू जिले में जिस प्रकार व्यवसाय ,उद्योग धंधा का लगातार विस्तार हो रहा है । ठीक उसी प्रकार पार्लर के व्यवसाय भी उभर रहे हैं। बाहर से भी युवा एंटरप्रेन्योर पलामू में आकर अच्छे ब्रांड के साथ व्यवसाय को विस्तार देना चाहते हैं उसी का जीता जागता उदाहरण द हेयर स्पीक । ऐसे व्यवसाय से जहां व्यवस्थापक व्यवसाय करते हैं वही कई महिला पुरुष को रोजगार मिलता है। मौके पर संस्था के व्यवस्थापक आशीष पांडे ने कहा कि पलामू शहर के लिए यह एक वरदान है । हम सभी को अपनी सौंदर्य का खास ख्याल रखना चाहिए ।

### प्राणप्रतिष्ठा के दिन नहीं की जायेगी मछली की बिक्री

**मेदिनीनगर।** अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को हो रहा है और पूरे भारत में हर्ष का माहौल है। इसी बीच पलामू जिला के मछुआरा समाज ने बैठक कर हर्ष व्यक्त करते हुए 22 जनवरी को मछली नहीं बेचने का निर्णय लिया है। मुकेश चौधरी ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन मछली की बिक्री नहीं होगी।

### ठंड से स्कूली बच्चों को हो रही परेशानी

**हुसैनाबाद (पलामू)।** जिले समेत अनुमंडल क्षेत्र में शीलहरी के कारण जन जीवन अस्तव्यस्त हो गया है। शीतलहरी का सबसे ज्यादा प्रतिकूल असर स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों इसका व्यापक असर देखा जा रहा है। वहीं लोगो का कहना हैं जब ठंड कम थी, तो दिसंबर में एक सप्ताह की छुट्टी दे दी गयी। सब लोगों का कहना था सरकार बच्चों के हित में कुछ सोंचे।

### चौथी पुण्यतिथि पर याद किये गये आत्मानंद चौबे

**विश्रामपुर (पलामू)** । आत्मानंद चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रेहला संजीव चौबे के आवासीय परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विश्रामपुर विस क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी रहे दिवंगत आत्मानंद चौबे की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में जुटे अतिथियों ने स्व आत्मानंद चौबे की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें नमन किया।

### झारोटेफ का हुआ सांगठनिक चुनाव

**मेदिनीनगर।** गिरिवर +2 उच्च विद्यालय मेदिनीनगर के प्रशाल में झारखंड अफसर्स टीचर्स एंड एम्प्लॉय फेडरेशन (झारोटेफ) का मेदिनीनगर, चैनपुर, सतबरवा, रामगढ़, पांडवा और नवाबाजार प्रखंड का प्रखंड स्तरीय चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव के पहले इन प्रखंडों से उपस्थित शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच हेमंत सरकार द्वारा दिए गए पुरानी पेंशन को पूर्णत: लागू कराने और इसे बचाए रखने की चुनौतियों पर गहरी मंत्रणा भी हुई। जिसकी अध्यक्षता गिरिवर स्कूल के प्राचार्य डॉ नीरज द्विवेदी ने किया।

### मकर संक्रांति पर मेले का आयोजन

**तरहसी (पलामू)।** प्रखंड के श्रीकेदाल शिव मंदिर के समीप मकर संक्रांति के अवसर पर मेले का आयोजन किया गया। मेला स्थल व शिव मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मौके पर पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमित कुमार तिवारी ने कहा कि मेला और सांस्कृतिक आयोजन सनातन और हिंदू धर्म के संरक्षक और वाहक है।

### अयोध्या से पहुंचा सरयू जल

**हरिहरगंज (पलामू)।** एनसीपी के तत्वावधान में अयोध्या से पावन सरयू जल हरिहरगंज पहुंचा। इस जल कलश को एनसीपी हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने मेन रोड स्थित महावीर मंदिर में रखा। जबकि पिपरा प्रखंड अध्यक्ष जनेश्वर भुइया द्वारा जल कलश को पिपरा ले जाया गया। जहां पूजन आरती की गयी।

### सहायक अध्यापक की इलाज के दौरान हुई मौत

**हरिहरगंज (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के लादी गांव निवासी एनपीएस लादी वादी के 50 वर्षीय सहायक अध्यापक रंजीत राम की एसजीपीजीआईएमएस लखनऊ में सोमवार को निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन की खबर सुनकर प्रखंड के सहायक अध्यापकों में शोक की लहर दौड़ गई।

### चुनाव प्रक्रिया लंबित है, तो जीबी की बैठक गैर कानूनी : रामदेव

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव झारखंड बार काउंसिल के निर्देशानुसार कराया गया। मतगणना के दौरान कुछेक प्रत्याशियों ने आपत्ति जताते हुए मतगणना कार्य को प्रभावित करते हुए रोक लगा दिया। इस कारण यह प्रक्रिया बुधवार को भी लंबित रही। इसके बावजूद भी पलामू जिला अधिवक्ता संघ के कुछेक अधिवक्ताओं द्वारा आमसभा की बैठक बुलाकर तदर्थ कमिटी का गठन कर चुनाव समिति का गठन किया गया। इस मामले पर प्रभारी अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने प्रेस वार्ता कर कहा कि यह सारी प्रक्रिया गैर कानूनी है। उन्होंने कहा कि जब पलामू जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव का परिणाम लंबित है। फिर भी गैर कानूनी तरीके से जीबी की बैठक बुलाकर तदर्थ समिति का गठन किया गया है, जो गलत है।

## पलामू के विकास के पास है गजब की याददाश्त

### कई रिकॉर्ड से सम्मानित अब गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रयास

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के यादाश्त प्रशिक्षक पलामू के विकास के पास है ऐसी याददाश्त शक्ति जिसके कारनामे देखकर लोग हैरान हो जाते हैं । यादाश्त शक्ति के लिए अब तक कई रिकॉर्ड, अवार्ड से सम्मानित भी हो चुके हैं और उनका लक्ष्य है कि अपनी याददाश्त शक्ति की बदौलत गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर पलामू का नाम रोशन करें। वे अभी सिर्फ 20 मिनट के अंदर 200 देशों के नाम सहित उनकी राजधानियां, मुद्रा, क्षेत्रफल, जनसंख्या और प्रधानमंत्री का नाम सुना पा रहा हैं



जिसके लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड की तरफ से स्वीकृति भी मिल गई है। मालूम हो कि विकास ऊँटारी रोड प्रखंड के एक सामान्य परिवार से सम्बन्ध रखता है । साधारण बचपन बिताने के बाद कुछ बेहतरी की उम्मीद मन में पाले हुए पटना में रहना शुरू करते है। आर्थिक अभाव वापस आ जाते हैं। भले ही पटना में चंद महीने ही रहे विकास का कहना है कि उनका याददाश्त बचपन से तेज नहीं है। उन्होंने गूगल और अन्य विदेशी किताबों से ट्रिक सीखा है।

## चेरो समाज के विकास को एकजुट होना आवश्यक : रामचंद्र सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक यूपी के राबर्टसगंज स्थित स्वामी विवेकानंद हाल में की गई । बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिराम सिंह चेरो, पूर्व विधायक दूधी उत्तर प्रदेश एवं संचालन राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो ने की। बैठक के मुख्य अतिथि महासंघ के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव सह झारखंड के मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह चेरो मौजूद थे । वहीं राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी हृदया सिंह , राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक पूर्व डीजीपी पश्चिम बंगाल गंगेश्वर सिंह से वीडियो कांफ्रेंस के द्वारा बैठक को संबोधन किया गया।

मौके पर केंद्रीय कमेटी के द्वारा झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, सचिव मृत्युंजय सिंह, सहायक अभियंता एवं संरक्षक प्रदीप सिंह कार्यपालक अभियंता पीएचइडी को मनोनीत किया गया । बैठक में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि चेरो जाति के विकास के लिए सभी को एकजुट होने की जरूरत है। इस समाज के लोग नशा को त्याग कर अपने बच्चो को बेहतर शिक्षा प्रदान करें। बैठक में उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल एवं झारखंड के शीर्ष चेरो समाज के भरदुल सिंह, अजीत सिंह, उमेश कुमार, उपाध्याय सिंह, रविंद्र सिंह , अभय कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, प्रेम सिंह, राज दुलार सिंह, विजय सिंह, छोटन सिंह, सुनील कुमार सिंह, राजदेव सिंह, सितल सिंह समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## राजगंज, षष्ठी माञ थान मे खेलाई चंडी वार्षिक मेले का आयोजन




**राजगंज।** राजगंज क्षेत्र के बरवाडीह स्थित षष्ठी माञ थान मे खेलाई चेड़ी मेला का आयोजन हुआ।सर्वप्रथम सुबह नैइआ द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। षष्ठी थान मुख्य रूप से बच्चो के सकुशल जन्म की कामना व जन्म के बाद अन्न प्रशान के लिए बहुत ही शुभ माना जाता है। षष्ठी थान मे आज कई बच्चों का अन्न परासन्न(मुँह जूठान) किया गया। मेले में ठेला खमोचे, मिठाई, चाट चोमिन, पानी पुरी, फोटो, मनिहारी दुकान मे अच्छी खासी भीड़ देखी गई। शाम को झूमर एवं नटुआ नाच का आयोजन किया गया। नये बर्ष के अवसर पर आखाईन जातरा मे झारखंड के निवासियों की मंगलकामना माइ षष्ठी ने किया गया। इस मौके पर बिनोद ग्राम विकास केंद्र के संस्थापक शंकर किशोर महतो ने कहा कि जम्बूद्वीप करमदेशीय दैनिक दिन पांति का शुभारंभ करने की बात कही। मौके पर नुनाराम महतो, शंभू महतो, अयोध्या प्रसाद महतो, टेकलाल महतो, अमित कुमार महतो, नारायण महतो, जयराम महतो, बजरंग महतो, मानिक महतो, हरिप्रसाद महतो, निरंजन महतो, आदि सक्रिय लोगों ने मुख्य भूमिका निभाई।

## हर्ल हेल्थ सेंटर में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**सिंदरी।** रोहड़ाबाँध वाटर टावर स्थित हर्ल हेल्थ सेंटर में धनबाद के असर्फी अस्पताल के सहयोग से बुधवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 120 मरीजों ने स्वास्थ्य जाँच का लाभ लिया। शिविर का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए हर्ल वाइस प्रेसिडेंट सह सिंदरी हेड सुरेश प्रमाणिक ने बताया कि प्रत्येक माह सिंदरी व इसके आसपास की जनता के लिए स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन हर्ल प्रबंधन द्वारा किया जा रहा है। इसका लाभ लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोतरी की जा सकती है। इस शिविर में ब्लड प्रेशर, सूगर, आरबीएस, एसपीओ 2, इसीजी, नेत्रजाँच सहित अन्य स्वास्थ्य जाँच को शामिल किया गया था। कैंसर जैसी प्राणघातक बिमारी के लिए भी जाँच शिविर में स्थान दिया गया था। शिविर में मुख्य रूप से हर्ल सिंदरी हेड सुरेश प्रमाणिक, हर्ल सिंदरी चिकित्सक डॉ ए एन सिंह, डॉ जयेश प्रसाद, हर्ल अधिकारी मंशुल जैन, अशर्फी अस्पताल की टीम में चिकित्सक डॉ जफर, संतोष सिंह, विश्वजीत, दीपक, संगीता, राज मेरी, सोहन उपस्थित थे।

## झामुमो नेता बलवंत सिंह ने थामा भाजपा का दामन

**लातेहार।** मनिका प्रखंड के झारखंड मुक्ति मोर्चा के कद्दावर नेता सह पश्चिम क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह ने दिन बुधवार को अपने हजारों समर्थकों के साथ भाजपा प्रदेश कार्यालय रांची पहुंचकर झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। वहीं सदस्यता ग्रहण करने से पूर्व बलवंत सिंह व उनके समर्थक मनिका प्रखंड मुख्यालय के सिंजो पंचायत स्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय राजेश्वर प्रसाद यादव के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया जिसके बाद रांची के लिए सभी रवाना हुए। वहीं बलवंत सिंह के साथ-साथ पूर्व जिला परिषद सदस्य (सरयू) शिल्पा कुमारी,पूर्व मनिका ब्लॉक प्रमुख गायत्री देवी, अमित गुप्ता, सागर यादव, रंजीत कुमार, समेत झामुमो, कांग्रेस,राजद के सैकड़ो कार्यकताओं को बाबूलाल मरांडी ने भाजपा का सदस्यता ग्रहण करवाया।

# छह दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविन्दपुर।** गोविन्दपुर प्रखण्ड अंतर्गत रतनपुर पंचायत कुसमाटांड गोविन्दपुर साहेबगंज रोड स्थित ओम शिव साईं धाम में बुधबार को श्री श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर छह दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया गया है । कार्यक्रम की शुरूआत 17 जनवरी बुधवार को 111 महिलाएं विभिन्न परिधानों एवं बच्चियों के माथे पर कलश लेकर, बच्चों एवं पुरूषों के हाथों में श्रीराम एवं हनुमान का ध्वज पताका लेकर सैंकड़ों की संख्या में जय श्रीराम, जय हनुमान का जयकारा लगाते हुए पंचमुखी हनुमान मंदिर से साहेबगंज रोड होते फकिरडीह अपना नर्सिंग होम, कुम्हारडीह, कुसमाटांड़ होते हुए खुदिया में जल भरकर मंदिर प्रांगण तक गाजे बाजे, एवं राम दरवार की झांकी निकाली गयी थी। कार्यक्रम 17 जनवरी से 22 जनवरी तक चलेगा। जिसमें मुख्य रूप से कलश स्थापना कर मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। जलयात्रा, मंडप प्रवेश, पांचांग पूजन एवं मंथन द्वारा अग्नि प्रज्वलित संध्या आरती, 18 जनवरी गुरूवार को वेदी पूजन, सुदरकाण्ड पाठ, रूद्रपाठ, हवन, संध्या में आरती, 22 जनवरी को वेदी पूजन, मंडप पूजन, प्राण प्रतिष्ठा, शोभायात्रा, शुमंगली एवं भंडारा लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा। मुख्य जजमान बरूण देव सिंह पत्नी गायत्री देवी है। प्राण प्रतिष्ठा के आचार्य सुधीर चन्द्र तिवारी, उमाशंकर तिवारी आदि की देख रेख में वैद्विक मंत्रोच्चारण के साथ संम्पन्न होगी। मौके पर मुख्य रूप से विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी, विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो, अजय गिरि, मंजीत सिंह, अजय दास, राज किशोर महतो, गोविन्द राय, विश्वजीत चैबे , अभिषेक राज, रंजीत गोस्वामी, गौरव ओझा, सुरेश सिंह,आदि शामिल थे।



## गंगा मैराथन दौड़ का आयोजन



**धनबाद।** नमामी गंगे योजना के तहत आज मैथन क्लब एरिया 4 नम्बर से मैथन डैम तक गंगा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ को अंचलाधिकारी कृष्णा नाथ मरांडी एवं उप प्रमुख श्री बिनोद कुमार दास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी एगारकुंड विनोद कुमार कमार्कार ने बताया कि इसमें माननीय जनप्रतिनिधियों, स्थानीय धावकों, ग्रामीणों बढ़-चढ़ कर भाग लिया। साथ ही मुखिया बबलू चौधरी, मनोज कुमार राउत, अजय मुर्मू, कंचन महतो आदि ने शामिल होकर धावकों को प्रोत्साहित किया। गंगा मैराथन दौड़ का उदेश्य आम नागरिको को गंगा नदी, गंगा की सहायक नदी व अन्य सभी नदियों, जलाशयों को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक करना है। कार्यक्रम बीपीओ श्रीकांत मंडल, जेई मुकेश रंजन, प्रधान सहायक प्रकाश चंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

## अवैध धंधेबाजों के मददगार दो थाना प्रभारी सहित नौ पर गिरी गाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन पदभार लेते ही पुलिस विभाग को दुरुस्त करने में जुट गए हैं। अवैध धंधेबाजों के मददगारों को चुन-चुन कर उन पर कार्रवाई की जा रही है। तेतुलमारी थाना क्षेत्र में चोरी के कोयला लदे तीन ट्रक पकड़े जाने के बाद एसएसपी के निर्देश पर चालक व कोयला चोरी करानेवाले 10 धंधेबाजों के खिलाफ तेतुलमारी थाना में एफआईआर दर्ज की गई थी। एसएसपी ने इस मामले में तेतुलमारी थाना प्रभारी रौशन कुमार को निलंबित कर दिया। मैथन में पकड़े गए गौ तस्करों के कंटेनर मामले में पांच पर कार्रवाई की। वहीं सर्किट हाउस में ड्यूटी में कोताही बरतने वाले तीन सिपाही को भी उन्होंने सस्पेंड कर दिया, कि सुबह मैथन टोल प्लाजा के समीप गौवंश से भरे कंटेनर पकड़े जाने के मामले को भी एसएसपी ने गंभीरता से लिया। ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने की रिपोर्ट पर इस मामले में गौ तस्करों को ढील देने वाले तीन एएसआई व निरसा इंस्पेक्टर के बॉडीगार्ड को भी सुबह सस्पेंड कर दिया। निलंबित होनेवालों में गोविंदपुर थाना के एएसआई सरताज खान, बरवाअड्डा थाना का एएसआई संजय कुमार और मैथन ओपी का एएसआई प्रमोद कुमार राय के अलावा निरसा थाना के बॉडीगार्ड रमेश यादव के नाम शामिल हैं। इसी मामले में एसएसपी ने मैथन ओपी प्रभारी विकास कुमार यादव को लाइन हाजिर कर दिया। सभी पर विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। गौवंश से भरे कंटेनर के चालक ने पूछताछ में पुलिस अफसरों को बताया था कि चिह्नित अफसर व सिपाही कंटेनर को पार कराने में मदद करते थे। सर्किट हाउस में सो रहे थे सुरक्षाकर्मी, तीन सस्पेंड सर्किट हाउस में तैनात सुरक्षाकर्मी आधी रात के बाद नींद फरमाते पकड़े गए।एसएसपी ने स्वयं सुरक्षा में तैनात तीन सिपाहियों को सोते पकड़ा। एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सिपाही गोपाल राम, संजय चौधरी और सुरेंद्र पासवान को निलंबित कर दिया। तीनों पर विभागीय कार्रवाई हो रही है। एसएसपी ने इस मामले में धनबाद थाना प्रभारी संतोष गुप्ता और मेजर सार्जेंट दीपक कुमार को भी शोकॉज नोटिस जारी किया। धनबाद थाना क्षेत्र में गार्ड की मुस्तैदी को लेकर एसएसपी ने नाराजगी जताई। इसको लेकर धनबाद थाना पहुंच कर एसएसपी ने चोरी के मामलों में बढ़ोतरी पर थाना प्रभारी को शोकॉज किया था।

## जिले से अगवा दो भाईयों सहित तीन बालक वापस लौटे

- मां के साथ गुजरात के राजकोट चले गये थे दोनों भाई
- सीडब्ल्यूसी के हस्तक्षेप से दोनों मामलों में दर्ज हुआ था एफआईआर

खबर मन्त्र संवाददाता




**दुमका।** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अगवा दो भाईयों सहित तीन बालक लौट आये हैं। तीनों बालकों को बुधवार को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष प्रस्तुत किया गया। चेयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार, सदस्य रंजन कुमार सिन्हा, डॉ राज कुमार उपाध्याय, कुमारी बिजय लक्ष्मी और नूतन बाला ने दोनों मामलों की सुनवायी करते हुए बालकों एवं उनके अभिभावकों का बयान दर्ज किया और बालकों के सर्वोत्तम हित में उन्हें अभिभावकों के साथ उनके घर भेज दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस एफआईआर करने के लिए भी तैयार नहीं थी। सीडब्ल्यूसी के हस्तक्षेप के बाद तालझारी और सरैयाहाट में बच्चों के अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। तालझारी थाना क्षेत्र के एक किराना दुकानदार में काम करने वाले ने अपने 9 व 7 साल के दो बच्चों एवं उनकी मां को बाइक में बिठाकर अगवा करने को लेकर गांव एक व्यक्ति समेत तीन के खिलाफ भादवि की धारा 363 के तहत प्राथमिकी दर्ज करवायी थी। दोनों बच्चों ने अपने बयान में बताया कि एक व्यक्ति उन्हें बाइक पर बैठा कर ले गया था।04 जनवरी को मां दोनों को लेकर भागलपुर गयी। उनका एक रिश्तेदार उन तीनों को हावड़ा के रास्ते पहले गुजरात के सुरत और फिर राजकोट ले गया। तीनों चार दिनों तक राजकोट में रहे। अपराधी के मां के कहने पर उनका रिश्तेदार उन्हें लेकर दुमका आ गया। यहां वह भाड़ा के घर में रहे फिर 16 जनवरी को मां के साथ तालझारी चले गये। पिता ने अपने बयान में बताया कि 16 जनवरी को उसे पत्नी और बच्चों के तालझारी थाना में होने की सूचना मिली। बुधवार को उसकी पत्नी और दोनों बच्चों का कोर्ट में बयान दर्ज किया गया। वह अपनी पत्नी और बच्चों को अपने साथ रखना चाहता है। वह उनकी अच्छी तरह से देखभाल और निगरानी रखेगा। समिति ने दोनों बच्चों को उनके पिता के हवाले कर दिया। केश के अनुसंधान कर्ता ने बताया कि इस मामले में अबतक अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## गरीबों, दिव्यांगों, बुजुर्गों, और असहायों के बीच कंबल वितरण किया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के चांदा पंचायत अंतर्गत महुआरा ग्राम में बुधवार को राष्ट्र धर्म संस्था के सचिव संतोष आनंद ने गांव के गरीबों, असहायों, बुजुर्गों, दिव्यांगो आदि के बीच कंबल वितरित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कड़ाके की कनकणी भरी ठंड को देखते हुए उन्होंने यह निर्णय लिया।संस्था के अन्य सदस्यों से सलाह परामर्श करने के बाद सेवा भाव से कंबल वितरण करने का निर्णय लिया।ईसी आलोक में बुधवार को महुआरा गांव में दर्जनों बुजुर्गों, बेसहारों, गरीबों, दिव्यांगों आदि के बीच कंबल वितरित किया। कंबल लेने के बाद बुजुर्गों, बेसहारों, गरीबों आदि ने कहा कि वर्तमान समय में बेतहाशा ठंड के समय में कंबल मिलने से उन्हें राहत की सांस मिली है। कहा कि एक अच्छी समाज सेवा है। कंबल से अब निश्चित रूप से ठंड से बचने में सहयोग मिल सकेगा। इस अवसर पर कई समाजसेवी, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, गनमान्य, शिक्षाविद आदि थे।

## कजरिया और जगुआर शोरूम का एक साथ उदघाटन किया गया



गोड्डा के न्यू मार्केट में गुड्डू मार्बल के सौजन्य से बिहार झारखंड का सबसे बड़ा कजरिया टाईल्स एवं जगुआर सेनेटरी के सामानों का भव्य शो रूम का उदघाटन अरविंद मादामबथ अध्यक्ष अद्वैत मिशन ग्रुप बौसी एवं विल्सन सलदनहा व जोसेलेट जोर्ज प्राचार्य संत थोमस स्कूल गोड्डा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ अशोक कुमार राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हाजी इकरारुल हसन आलम लायंस क्लब के उपाध्यक्ष मुकेश गाडिया डॉ नरेन्द्र कुमार डॉ अजय कुमार ऐनूल हक दिनेश यादव सुरज सिंह महमूद आलम मुखिया सहित गणमान्य व्यक्ति एवं व्यापार से जुड़े सैकड़ों नागरिक उदघाटन समारोह में उपस्थित थे। कजरिया टाईल्स एवं जगुआर शोरूम के मालिक शाहिद इकबाल गुड्डू प्रबंधन पवन कुमार ने सभी आगंतुकों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया जबकि मनोज अकेला ने धन्यवाद ज्ञापित किया के अलावा हसन इकबाल ने लोगों को भव्य शोरूम तक लोगों को दिखाते हुए कजरिया और जगुआर के सभी आइटम से रुबरु कराया।

## गोड्डा सांसद जिला भाजपा उपाध्यक्ष द्वारा आयोजित तिला संक्रांति मिलन समारोह में हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** आज गोड्डा के लोकप्रिय सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने गोड्डा में स्वामी विवेका नंद कोचिंग संस्थान में दीवारों पर लिखकर चुनावी प्रक्रिया का श्री गणेश कर दिया। इस प्रक्रिया में स्वेच्छा से अपनी दीवारों पर प्रचार के लिए उपयोग कारनेवकी इजाजत दी है। दीवार लेखन कार्यक्रम के बाद गोड्डा सांसद तिला संक्रान्ति मिलन समारोह में भाजपा उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव के आवास पर कार्यक्रम में उपस्थित हुए जहां हजारों की संख्या में गोड्डा नगर वासी, भाजपा कार्यकर्ता साधु संत, समाज सेवी, जन प्रतिनिधि उनके इंतजार में खड़े थे। गोड्डा सांसद के पहुंचते ही जय श्री राम के नारे के साथ गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे का स्वागत किया गया। दीप प्रज्वलित कर समारोह का आयोजन किया आया। भक्ति मय माहोल के साथ सजा लो घर को गुलशन से हमारे राम आए हैं। प्रभु श्री राम अयोध्या आ रहे हैं तो गोड्डा के सांसद श्री राम के दूत बनकर गोड्डा आए हैं इसकी खुशी हर चेहरे पर देखी जा सकती थी। अंग वस्त्र के साथ फूल का बुके देकर मंच पर मुख्य अतिथि डॉ निशिकांत दुबे का स्वागत किया गया उनके साथ साथ उपस्थित सभी सम्माननीय अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। जिसमे पूर्व गोड्डा सांसद जनार्दन यादव, राज्य के पूर्व भाजपा अध्यक्ष, जिला भाजपा अध्यक्ष राजीव मेहता, जिला महासचिव कृष्ण मुरारी चौबे, जिला महासचिव कृष्ण कन्हैया जिन्होंने मंच संचालन का कार्य सम्भाला। आयोजक सुभाष प्रसाद यादव जिला उपाध्यक्ष ने अपने संबोधन में आगंतुकों का स्वागत करते हुए उपस्थित पत्रकार, संवाददाता, और मीडिया कर्मियों को शॉल और डायरी प्रदान करतें हुए उनका अभिवादन किया।

## धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर एसोसिएशन ने वैवाहिक कार्यक्रम को किया कैद

- सामूहिक विवाह में डीडीपीए का सहयोग सराहनीय

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने आज गोल्फ ग्राउंड में आयोजित सर्व धर्म सामूहिक विवाह में बढ-चढ़कर हिस्सा लिया।
डीडीपीए के सदस्यों द्वारा गोल्फ राउंड में सर्व धर्म सामूहिक विवाह समिति द्वारा आयोजित सर्वधर्म सामूहिक विवाह कार्यक्रम के स्वर्णिम क्षणों को कैप्चर किया गया। डीडीपीए के सदस्यों द्वारा फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी एवं ड्रोन द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रम को रिकॉर्ड किया गया। वैवाहिक कार्यक्रम को अच्छे से देखने के लिए कार्यक्रम स्थल पर माया मूवी द्वारा दो एलइडी वॉल की भी व्यवस्था की गई। उपस्थित सभी जोड़ियां की तस्वीरें खींचकर विवाह के पश्चात उन्हें प्रिंटेड कॉफी मग के रूप में उपहार स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम के दौरान डीपीए के सभी सदस्यों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया एवं सर्व धर्म सामूहिक विवाह समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।
संस्था के अध्यक्ष बुला चंद्र ने बताया कि सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति द्वारा 10 वर्षों से लगातार यह प्रयास सराहनीय है जिसके लिए हम इसकी सदा आभारी है। सामूहिक विवाह में सभी शामिल जोड़ियां को संस्था के तरफ से साधुवाद।
हम लोगों ने हमारे संस्था के तरफ से जो भी संभव मदद हो सका किया और आगे आने वाले इस तरह के सामाजिक कार्यक्रम में हमारी संस्था पर बढ-चढ़कर हिस्सा लेगी।
धनबाद जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन के सचिव राम कुमार सिंह ने बताया कि इस सर्व धर्म सामूहिक विवाह कार्यक्रम में हमारे संस्था फोटोग्राफर जिले के विभिन्न क्षेत्र से आकर सहयोग कर रहे हैं, जिसके लिए सभी सदस्य धन्यवाद के पात्र हैं।
डीडीपीए के कोषाध्यक्ष विश्वास कुमार ने बताया सभी जोड़ियां को हम लोगों ने उपहार स्वरूप एक-एक कॉफी मग दिया, जिसमें उनकी आज के विवाह की यादगार तस्वीर छपी हुई है इतने कम समय में या सेवा देना संस्था के सदस्यों का अथक प्रयास का परिणाम है।

एक नजर में

## यूथ कांग्रेस सम्मेलन की तैयारी का विधायक ने लिया जायजा



**हंसडीहा।** आगामी 20 जनवरी को हँसडीहा में होने वाले यूथ कांग्रेस के लोकसभा स्तरीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर स्थानीय विधायक प्रदीप यादव ने कार्यक्रम स्थल का दौरा कर तैयारी का जायजा लेते हुए कार्यकताओं को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान विधायक ने कार्यक्रम स्थल पर बनने वाले मंच, वाहन पार्किंग सहित अन्य की जानकारी ली। विधायक प्रदीप यादव ने बताया की हँसडीहा में होने वाला युवा कांग्रेस का सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। झारखण्ड की राजनीति में यह सम्मेलन एक नई दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने बताया की सम्मेलन में लोकसभा क्षेत्र के करीब दो हजार युवा के साथ साथ प्रदेश स्तर के नेता सिरकत करेंगे। इस दौरान अशोक यादव, बिनोद यादव, अरुण जायसवाल, दीपक कुमार, मतीन अंसारी, मंटू यादव, प्रभाकर मिश्रा, आर्यन जायसवाल, रामकिंकर यादव, सकुन दास आदि कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## सामाजिक कार्यकर्ता अयुब अंसारी ने जदयू की सदस्यता ली

**कतरास।** बुधवार को श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता मो अयुब ने जदयू के सर्वमान्य नेता नितीश कुमार और खीरु महतो में आस्था व्यक्त करते हुए दीप नारायण सिंह की उपस्थित में जदयू की सदस्यता ली। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले मो अयुब को सदस्यता रसीद दे कर पार्टी में शामिल किया और बधाई दी ।श्री सिंह ने कहा कि आगामी 3 फरवरी को ₹जोहार नितीश महारैली₹ में जदयू पार्टी के सर्वमान्य नेता और बिहार सरकार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आगमन झारखंड प्रदेश के रामगढ़ में होने जा रहा है। इसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हो इसकी तैयारी गांव - गांव में जोर - शोर से करें। ताकि रैली ऐतिहासिक हो। इस अवसर पर जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष इम्तियाज खान, मो गुलाम रसूल, शब्बीर अंसारी,आदि उपस्थित हुए।

## बीसीसीएल और आउटसोर्सिंग कंपनियों की लापरवाही के कारण भू -धसान की घटनाएं हो रही है : दीप नारायण सिंह



कतरास। बुधवार को जदयू प्रदेश महासचिव, केआईएमपी के सचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने कतरास, गुहीबांध में सड़क किनारे पांच फर्नीचर दुकान जमीनदोज और भू-धसान होने की सुचना पर घटना स्थल का दौरा किया और ग्रामीणों से मिले। इस दौरान श्री सिंह ने बीसीसीएल प्रबंधन से बात कर ऐसी घटना की पुनार्वृति न हो इसके लिए ठोस कदम उठाने को कहा। इस अवसर पर श्री सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि घटना काफी दुखद है और ऐसी घटना की पुनार्वृति न हो इसके लिए जिला प्रशासन को तत्काल संज्ञान लेकर बीसीसीएल और आउटसोर्सिंग कंपनीयों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। क्योंकि बीसीसीएल और आउटसोर्सिंग कंपनीयों की लापरवाही के कारण ही इस प्रकार की घटनाएं घटी रही है। समय रहते अगर इस प्रकार की घटनाओं को रोकने का काम नहीं किया गया तो आने वाले समय में कोई बड़ी घटना घट सकती है। डीजीएमएस को भी इस घटना पर संज्ञान लेनी चाहिए। और जब तक सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता नहीं हो जाए तब तक आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा की जा रही कोयला उत्खनन कार्य को रोकनी चाहिए। इस दौरान जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष इम्तियाज खान, जदयू नेता मुजाहिद अंसारी, सलीम खान, विशाल चौधरी,मो शब्बीर अंसारी, प्रिंस कुमार,सुरज भरद्वाज आदि उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में गुरु गोविंद सिंह जयंती का आयोजन

**कतरास।** बुधवार को विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह की जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह एवं उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा ने गुरु गोविंद सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया द्वारा पंज प्यारे एकांकी प्रस्तुत किया गया। कक्षा चतुर्थ, पंचम, षष्ठ, सप्तम, नवम एवं एकादश के भैया-बहनों द्वारा गुरु गोविंद सिंह की जीवनी एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया गया साथ ही साथ गुरु गोविंद सिंह से संबंधित कविता पाठ भी किया गया। अपने उद्बोधन में विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि जब आप अपने अंदर से अहंकार मिटा देंगे, तभी आपको वास्तविक शांति मिलेगी। उन्होंने कहा कि गुरु जी सिखों के दसवें गुरु होने के साथ-साथ एक महान योद्धा, सच्चे देशभक्त, आध्यात्मिक नेता, मौलिक चिंतक एवं ब्रजभाषा एवं फारसी सहित कई भाषाओं के ज्ञाता भी थे। उन्होंने भैया-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि जब आप अपने अंदर से अहंकार को मिटा देंगे तभी आपको ईश्वर से साक्षात्कार होगा। अतः हमें उनकी जयंती के अवसर पर उनका पावन स्मरण करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करना चाहिए और हमेशा राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनना चाहिए, यही गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रति सच्ची भक्ति एवं सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का मंच संचालन आचार्य अजय कुमार पांडे एवं कक्षा चतुर्थ की बहन सुप्रिया तिवारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य अशोक कुमार सिंह, नवल किशोर झा, जितेंद्र कुमार दुबे, राजीव कुमार सिंह, अनूप कुमार पांडे, निशा तिवारी के साथ-साथ सभी आचार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**कोर्ट नोटिस**

न्यायालय,
सिविल जज सीनियर डिवीजन ॥
व्यवहार न्यायालय लातेहार।
Title Suit No.-49/2015
अरुण साव वगैरह.......... वादीगण
बनाम
डोमन साव वगैरह....... प्रतिवादीगण
नोटिस
बनाम
1) अनिता देवी, पति-सुनिल साव, ग्राम-तमाड़, बाजार टांड़ बंगाली मुहल्ला, पोस्ट थाना-तमाड़, जिला-रांची।
2) संगीता देवी, पति-इन्द्रदेव प्रसाद, ग्राम-लामीपतरा, थाना पाटन, जिला-पलामू।
चूं वजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपको आगाह किया जाता है कि आपलोगों के विरूद्ध वादी द्वारा उपरोक्त स्वत्व वाद दाखिल किया गया है, अतः आपलोग दिनांक 19.02.24 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा आपलोगों के विरूद्ध एक पक्षी कारवाई की जायेगी।
सिविल जज सीनियर डिवीजन ॥
व्यवहार न्यायालय, लातेहार।

स्पीड न्यूज

## गरीब असहाय के बीच कंबल का वितरण



कंबल वितरण करते उपप्रमुख।

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्र ने बुधवार को पड़ रही कड़ाके की ठंड व शीतलहरी को ध्यान में रखते हुए प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के लगभग डेढ़ दर्जन वृद्ध, गरीब, असहाय एवं दिव्यांग जनों के बीच कंबल का वितरण किया। इस मौके पर उप प्रमुख श्री मिश्रा ने कहा कि कड़ाके की ठंड के मध्य नजर जिला प्रशासन के द्वारा कंबल मुहैया कराया गया था, जिसे शिविर आयोजित कर वितरण किया गया है। उप प्रमुख ने सक्षम और संपन्न लोगों से ठंड में गरीब असहायों को यथा संभव मदद करने की भी अपील की। इधर ठंड के बीच कंबल प्रकार वृद्धों के चेहरे में खुशी देखी गयी। मौके पर मसोमात कबूतरी देवी, बरनबास टोप्पो, सावित्री देवी, महावीर उरांव, जितनी देवी, विजय उरांव, राजमणि देवी, लखी सिंह, शांति देवी, धर्मदेव उरांव, फुलजेन्स बाड़ा समेत कई लोग मौजूद थे।

## सीसीएल ने लाभुकों का लंबित पड़े मुआवजा का किया भुगतान



भुगतान करते सीसीएल कर्मी।

**बालूमाथ।** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड़ कोलियरी के 11 लाभुकों को लंबित पड़े मुआवजा का भुगतान बुधवार को सीसीएल कार्यालय में परियोजना पदाधिकारी के एल यादव, डिस्पैच मैनेजर इस बहेरा भूमि एन्ड राजस्व विभाग के सीनियर मैनेजर एसएन प्रसाद एवं विस्थापित नेता गिरधारी यादव के द्वारा लाभुक वासुदेव गंझू को 59333 रुपए, पनवा मसोमात 26666 झारी गंझू 11866, शिवरतिया मसोमात 11866, डहरू गंझू 11866, शंकर गंझू 11866, गणेश गंझू 11866, मंगरु गंझू 14833, चरकु गंझू 14833, झमेंद्र गंझू 89000, रतनी मसोमात 89000 रुपए का भुगतान किया गया। परियोजना पदाधिकारी केएल यादव कहा कि इन लोगों की मुआवजा राशि वर्ष 2009 में ही सीसीएल मंजूरी कर ली थी लेकिन इन लोगों द्वारा मुआवजा की राशि नहीं लिए जाने के कारण पैसा वापस चला गया था। पुनः इन लोगों के आवेदन मिलने के बाद पुराना फाइल से पूरी संचिका को निकाल कर इन लोगों का मुआवजा राशि की स्वकृति मिलने के बाद कुल 11 लाभुको को 3,53,000 की राशि भुगतान की गई। इस मौके पर सीसीएल के कई कर्मचारी मौजूद थे।

## सुकन्या ट्रस्ट कमिटी ने किया बैठक



**लातेहार।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमिटी की बैठक बुधवार को मोंगर पंचायत में मोंगर मुखिया रमली देवी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। वहीं सभी महिलाओं को ट्रस्ट के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही साथ बाल शिक्षा केंद्र के बारे में जानकारी दिया गया। जिला प्रभारी राजू सिंह ने सभी को बताया कि संस्था 2019 से झारखण्ड के लगभग सभी जिलों में कार्य कर रही है। संस्था लगातार गरीब लड़कियों के शादी में सामाजिक एवं आर्थिक सहयोग करते आ रही है। महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने हेतु पापड़, मोमबत्ती, अगरबत्ती, ब्यूटीशियन, सिलाई, कढ़ाई, मेहंदी, टेडी बेयर, चूड़ी, शर्फ साबुन आदि का प्रशिक्षण करा करके महिलाओं को पुरुष के बराबरी में लाने की लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर पंचायत समिति रानी कुमारी, सुकन्या ट्रस्ट के पंचायत प्रभारी चांदनी देवी, राखी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### मध्य विद्यालय नावाडीह में बाल सभा का हुआ आयोजन

# विद्यालय में हर तरह की सुविधा मुहैया कराने की बच्चों ने रखी मांग

- उच्च शिक्षा के अभाव में आठवीं के बाद बच्चों का हो जाता है भटकाव
- शौचालय, चहारदीवारी, चापानल, चबूतरा और जर्जर विद्यालय भवन की मरम्मती कराने की मांग

खबर मन्त्र संवददाता



बालसभा को संबोधित करते मुखिया बलदेव परहिया।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के चुंगरू पंचायत अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय नावाडीह में मुखिया बलदेव परहिया की अध्यक्षता में आम सभा के रूप में बाल सभा का आयोजन किया गया। आम सभा में विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हाई राम समेत सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस दौरान बाल सांसद के प्रधानमंत्री ने मुखिया के समक्ष विद्यालय में दो यूनिट शौचालय, चहारदीवारी, चापानल और चबूतरा के साथ जर्जर विद्यालय भवन की मरम्मती कराने का प्रस्ताव रखा। जहां मुखिया ने बताया कि उक्त सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर लेकर 15 वें वित्त की राशि से कराई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा की बच्चों और विद्यालय हित में यह मांग जायज है। वहीं बाल सांसद ने बताया कि मध्य विद्यालय नावाडीह कक्षा आठ तक है। लेकिन आठवीं पास करने के बाद यहां के बच्चों को विद्यालय के अभाव में पढ़ाई से भटकाव हो जाता हैं। इसलिए इस विद्यालय को स्तरोन्नत विद्यालय में तब्दील कराया जाए। इसके अलावा बच्चों की संख्या और कक्षा के अनुपात में शिक्षकों के पदस्थापन की दिशा में आवश्यक पहल की जाए। इस विद्यालय में कुल 260 बच्चे नामांकित है, और विद्यालय में प्रतिदिन लगभग 80% बच्चो की उपस्थिति रहती है। जहां मुखिया ने कहा कि यह वर्षो पुरानी मांग है, और पंचायत के बच्चों के हित में अत्यंत आवश्यक है। जिसके लिए वह जल्द ही जिला के वरीय अधिकारियों और माननीय विधायक रामचंद्र सिंह से मुलाकात करेंगे। वहीं मुखिया ने बच्चों को नियमित विद्यालय आने और पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित रखने की बात कही। उन्होंने आश्वस्त किया कि हम विद्यालय हित और बच्चों की मांगों को अवश्य पूरा कराने की कौशिश करेंगे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में शोभा की वस्तु बनकर रह गई है सोलर जलमिनार योजना

- ओपाग विद्यालय में वर्षो से खराब पड़ी है जलमिनार और चापानल
- रसोइया दीदियों को बर्तन साफ करने के लिए नदी है एकमात्र सहारा

दीपक राज



ओपाग विद्यालय के प्रांगण में खराब पड़ी जलमिनार।

**बरवाडीह।** मुहल्लों और टोलों में शुद्ध पानी पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना सोलर आधारित जलमिनार योजना बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी तरह दम तोड़ती नजर आ रही है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, 15 वें वित्त और जिला परिषद मद से लाखों की लागत से जलमिनार तो गांव-गांव में लगा दिए गए है। लेकिन कही छह माह तो कही एक वर्षो से गांव वालों के लिए ये महज शोभा की वस्तु बनकर रह गई हैं। कई ऐसे गांव हैं, जहां के लोग आज भी कुएं और नदियों के दूषित जल पर आश्रित है। बता दें कि प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत आदर्श नगर में विगत छह माह से अधिक समय से जलमीनार खराब होकर हांथी की दांत बनी हुई है। उधर बरवाडीह प्रखंड के चुंगरू पंचायत अंतर्गत सरकारी विद्यालय ओपाग में लगी जलमिनार एक वर्षो से अधिक समय से खराब पड़ी हुई है। वहीं विद्यालय परिसर में लगा एकमात्र चापानल भी वर्षो से खराब है। विभाग की उदासीनता के कारण विद्यालय के बच्चों को शुद्ध पानी नसीब नहीं हो पा रही है। रसोइया दीदियों को बर्तन साफ करने के लिए विद्यालय से लगभग एक किमी दूर स्थित नदी तट पर जाना पड़ता है। वहीं चुंगरू के नावाडीह में भी एक जलमिनार वर्षो से खराब पड़ा है। यही हालात लात पंचायत क्षेत्र का भी है। इधर केंद्र सरकार की दूसरी महत्वकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़झाला हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में इन योजनाओं की हकीकत साफ तौर पर देखी जा सकती है। इन स्थितियों को नजदीक से देखकर सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि गांव वाले पानी को लेकर किस गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने बरवाडीह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय और जिले के उपायुक्त से विद्यालय के साथ-साथ गांव में खराब पड़ी जलमिनार को दुरुस्त कराने की मांग की है।

# घर मे घूस कर बाइक, नकद व जेवरात की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता



मामले की जानकारी लेती पुलिस।

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र के अलौदिया पंचायत अंतर्गत हरैया मुहल्ले में मंगलवार की देर रात्रि अज्ञात चोरों ने देवानंद साव के घर मे घूंस कर बाइक, 10 हजार रुपये नकद व लगभग 60 हजार रुपये के सोने चांदी के जेवरात की चोरी कर ली। भुक्तभोगी के अनुसार चोर उनके छत पर चढ़कर घर में प्रवेश कर घटना को अंजाम दिया है। देवानंद कुमार ने बताया कि वह किसी काम से रिश्तेदार के घर गया था, पत्नी व बच्चे घर के दूसरे कमरे में सो रहे थे। लगभग 3 बजे सुबह पत्नी की नींद खुलने के बाद बाहर निकली थी हॉल का दरवाजा खुला मिला, हॉल से सटे कमरे का गोदरेज खुला था, समान बिखरे थे व बाइक भी गायब थी। जिसके बाद इसकी सुचना डायल 100 पर दी गई। सुचना के बाद लगभग 9 बजे चंदवा पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंचकर भुक्तभोगी से पूरे मामले की जानकारी ली व घटना में संलिप्त चोरों के घर-पकड़ के प्रयास में जुट गई है। हालांकि खबर लिखे जाने तक मामले को लेकर चंदवा थाना में आवेदन नही दिया गया था। विदित हो कि हरैया, शुक्र बाजार व टोरी स्टेशन के आसपास विगत दो वर्षों के दौरान कई बार इस प्रकार की चोरी की घटना घटित हो चुकी है। जिस कारण ग्रामीणों में खौफ देखी जा रही है।

एक नजर में

## ग्रामीणों ने जनता दरबार में उपायुक्त को सौंपा आवेदन, स्कूल को चालू करवाने का लगायी गुहार



आवेदन देने जाते ग्रामीण।

**बारियातू।** प्रखंड के गोनिया पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय विश्रामपुर को चालू करवाने के लिए गांव के ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन सौंपा है। आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि विश्रामपुर विद्यालय को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बारा के साथ मर्ज कर दिया गया। जिससे गांव के बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। बिश्रामपुर गांव आदिवासी बहुल क्षेत्र है। बिश्रामपुर से बारा की दूरी लगभग एक किलोमीटर दूर है। गांव के छोटे-छोटे बच्चे दूर के कारण नहीं जा पाते हैं। जिससे शिक्षा 200 से भी अधिक आदिवासी बच्चे वंचित हो जा रहे हैं। ग्रामीण विनय उरांव, भोला उरांव, प्रधान उरांव, शिवनाथ उरांव, लालू उरांव सहित कई ग्रामीणों ने बताया की यहां मजदूर किसान रहते हैं। हमलोग के बच्चे सरकारी विद्यालय में पढ़ते हैं। बिते 2018 में विद्यालय को मर्ज कर दिया तबसे यहाँ के बच्चों के भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। मंगलवार को उपायुक्त के लगे जनता दरबार में ग्रामीण पहुंचकर विश्रामपुर विद्यालय को चालू करवाने की गुहार लगाई।


## हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाते हुए आधा दर्जन से भी अधिक किसानों के फसल को किया नुकसान



हाथियों द्वारा नुकसान किए की जानकारी देते ग्रामीण।

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों हाथियों का उत्पात थमने मने का नाम नहीं ले रहा है। सिबला पंचायत के भाटचतरा में बीते रात हाथियों के झुंड आ पहुंचे और आधा दर्जन से भी अधिक किसानों का आलू टमाटर अरहर, चना की खेती को खाकर पूरी तरह नष्ट कर दिया। जिससे लख रुपए का क्षति हुआ है। भाटचतरा निवासी हीरा तुरी का 5 क्विंटल धान, महेश तुरी का आलू लालमणि यादव का अरहर खेती वीरेंद्र तुरी का टोकरी में तोड़ा हुआ पांच क्विंटल टमाटर, राधवा मासोमात का चना खेती नरेश तूरी का आलू कन्हाई तूरी का आलू दिलेश्वर यादव का आलू को खाकर पूरी तरह नष्ट कर दिया जिससे लाखों रुपए की क्षती हुई है। इधर गोनिया पंचायत के बारा ग्राम निवासी धर्मदेव उरांव का घर में रखे 7 क्विंटल चावल सहित अन्य खाने की समांग्री को खाकर लगभग 50 हजार का नुकसान किया है। घटना की जानकारी मिलते ही वनरक्षी संतोष उरांव नुकसान का जायजा लिया। सभी भक्त भोगियों ने वन विभाग से उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है साथ ही क्षेत्र से हाथियों को अविलंब हटाने की गुहार लगाया है।

## संत पॉल एकेडमी का किया गया उद्घाटन



उद्घाटन करते अतिथि।

**बारियातू।** प्रखंड के टोंटी पंचायत अंतर्गत हेसला ग्राम में संत पॉल एकेडमी का विधिवत उद्घाटन प्रमुख उर्मिला देवी, जिप सदस्य रमेश राम, मुखिया शांति देवी, संचालक करण कुमार यादव ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर जिला परिषद राम ने संबोधित करते हुए कहा कि यह विद्यालय विद्यार्थियों के लिए एक वरदान साबित होगा। सुदूरवर्ती इलाके में प्राइवेट विद्यालय खुलना बहुत बड़ी बात है। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले अभिभावक अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए प्रखंड व जिला मुख्यालय व अन्य जगहों पर भेजते हैं।जहाँ आने जाने व रहने के लिए काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। मौके पर कृष्णा कुमार, संतोष कुमार रूपा कुमारी, आरती कुमारी सहित कई अभिभावक व ग्रामीण मौजूद थे।

## स्व. रामेश्वर साहू को गायत्री परिवार ने दी श्रद्धांजलि



**चंदवा।** स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ परिसर में बुधवार को गायत्री परिवार चंदवा के द्वारा श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ व रामेश्वर प्रसाद साहू अतिथि धर्मशाला के भूमिदाता समाजसेवी स्व. रामेश्वर प्रसाद साहू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गायत्री परिवार के लोगो ने उनके चित्र के समक्ष माल्यार्पण के उपरांत दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। गायत्री परिवार के लोगों ने स्व. रामेश्वर प्रसाद साहू के द्वारा समाज के लिए किए योगदान को याद करते हुए बताया कि स्व. रामेश्वर प्रसाद साहू ने अपने संपूर्ण जीवन में समाज के लिए कई ऐसे कार्य लिए जो समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने चंदवा में गायत्री शक्तिपीठ व रामेश्वर प्रसाद साहू अतिथि भवन की स्थापना की थी, जो सदैव स्मरण रहेगा। श्रद्धांजलि सभा का संचालन केदार नाथ महतो ने किया। मौके पर राजेश चंद्र पांडेय, रामदेनी सिंह, महेश प्रजापति, राजेंद्र प्रसाद, अजय प्रसाद, कुशेश्वर प्रसाद अर्जुन वर्मा कलावती वर्मा, सविता साहू, अनीता देवी, जूली देवी समेत गायत्री परिवार के दर्जनो लोग मौजूद थे।

## रौनियार वैश्य समाज का महासम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम का हुआ आयोजन



कार्यक्रम में मौजूद लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**हेरहंज।** बाजार टांड़ हेरहंज में प्रखंड स्तरीय रौनियार वैश्य महासम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष विरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का मंच संचालन सोनू गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि श्रवण गुप्ता ने समाज को एकजुट करने सहित दहेज प्रथा पर विशेष फोकस किया। लोगों से आग्रह किया कि आप एकजुट हों और हर दुख सुख में एक दूसरे का साथ दें। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लवली गुप्ता ने महिला प्रताड़ना पर विशेष जोर डाला एवं सभी लोगों से आग्रह किया कि आप महिलाओं को आगे लाएं उन्हें समाज मे बढ़-चढ़ के भाग लेने के लिए प्रेरित करें। साथ ही समाज को एकजुट करने के लिए विशेष जोर दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण प्रसाद गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लवली गुप्ता, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शिव कांत गुप्ता, प्रदेश महासचिव बैजनाथ प्रसाद गुप्ता, युवा प्रदेश अध्यक्ष संतोष गुप्ता, चतरा जिला अध्यक्ष नथू प्रसाद गुप्ता, प्रदेश पूर्व महासचिव विनोद बिहारी गुप्ता, गया प्रसाद गुप्ता, बालूमाथ, टंडवा, सेरंदाग, हेरहंज, पांकी के लोग शामिल हुए। इसके बाद नई प्रखंड युवा कमिटी का भी गठन किया गया। जिसमे प्रखण्ड अध्यक्ष विरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, सचिव सन्तोष प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष अमित प्रसाद गुप्ता एवं युवा कमिटी के प्रखण्ड अध्यक्ष गोलू गुप्ता, सचिव सोनू गुप्ता, उपाध्यक्ष सतीश प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष दिलीप प्रसाद गुप्ता, उपसचिव गौरी प्रसाद,मंत्री नागेन्द्र गुप्ता, महामंत्री पिंटू गुप्ता सहित मेन विंग में संरक्षक यदुनंदन प्रसाद गुप्ता, मथुरा प्रसाद गुप्ता, कृष्णा प्रसाद गुप्ता, विजय गुप्ता, पुरुषोत्तम प्रसाद, राजकुमार गुप्ता, अनिल प्रसाद गुप्ता को बनाया गया।

# मनिका प्रखंड के बंदुआ पंचायत क्षेत्र में हर घर, नल जल योजना में ठेकेदार की भारी लापरवाही

- एक साल पूर्व बोरकर, नहीं करवाया जलमिनार का निर्माण, मुखिया एवं उप मुखिया ने किया कार्रवाई की मांग
- बगडेगवा स्कूल के बच्चों को पानी के लिए हो रही दिक्कत, ग्रामीण भी नदी से लाते हैं पानी

खबर मन्त्र संवाददाता





जानकारी देते ग्रामीण।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के बंदुआ पंचायत में सरकार के जल जीवन मिशन के तहत हर घर,नल जल योजना को संवेदकों ने असफल करने को ठान लिया है लोग चाहे जहां से भी पानी लाकर अपना गुजारा करें संवेदक अपने मर्जी से ही योजना का निर्माण करवाएंगे। ऐसा ही मामला बंदुआ पंचायत के कई गांव का है जहां पर हर घर,नल जल योजना के तहत जलमिनार निर्माण में संवेदक ने घोर लापरवाही बरती है। मौके पर बंदुआ पंचायत के मुखिया पति भरदुल सिंह एवं उप मुखिया पति धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि 1 वर्ष पूर्व हमारे गांव में सोलर जलमिनार निर्माण के लिए बोर किया गया था लेकिन सोलर जलमिनार का निर्माण आज तक नहीं किया गया है। जिसके कारण हम लोगों को पानी के लिए काफी परेशानी हो रही है। जिसकी जानकारी संबंधित ठेकेदार को भी दी गई थी लेकिन ठेकेदार जल्द काम पूरा करने को बोलकर टालमटोल कर रहा है। बता दें कि इसी पंचायत के बगडेगवा गांव में मध्य विद्यालय के समीप खासकर विद्यार्थियों के लिए सोलर जलमिनार का निर्माण होना जरूरी था लेकिन वहां भी एक साल पूर्व ही बोर करके कार्य अधूरा ही छोड़ दिया गया है जहां बच्चों के लिए पानी की समस्या तो है हीं लेकिन वहां के ग्रामीण बताते हैं कि उन्हें अपने लिए भी नदी या दुसरों के घरों से पानी लाकर गुजारा करना पड़ता है। मौके पर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से संवेदक के ऊपर कार्रवाई करते हुए अपने गांव में जल्द जलमिनार निर्माण करवाने का मांग किया है ताकि लोगों को पानी की समस्या से निजात मिल सके। मौके पर ओम प्रकाश यादव, सरजू यादव, अरविंद यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

### क्या कहते हैं जेई

वहीं इस मामले से जब पीएचडी विभाग के जेई वीरेंद्र सिंह को अवगत करवाया गया तो उन्होंने कहा कि संबंधित ठेकेदार को ट्रेस कर के जल्द से जल्द काम पूरा करने का निर्देश दिया जाएगा। इस योजना के माध्यम से लोगों को पानी की समस्याओं से राहत दिलाना है संवेदक की इस तरह की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### चटुआग व हुटाप पहुंची डीएसई कविता खलखो, अनाथ बच्चों से की मुलाकात

# प्राथमिक विद्यालय चटुआग, हुटाप मध्य विद्यालय का किया औचक निरीक्षण, बच्चो को भी पढ़ाई पाठ

- चटुआग विद्यालय से गायब मिले प्रधानाध्यापक और शिक्षक, डीएसई ने मांगा जवाब

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवा।** लातेहार जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो बुधवार को कभी नक्सलियों के गढ़ के रूप में पहचान रखने वाले चटुआग व हुटाप गांव पहुंची, सबसे पहले उन्होंने कामता पंचायत के ग्राम चटुआग की स्व राजकुमार गंझु के घर पहुंची, इसके दो अनाथ बच्चों निशा कुमारी (11वर्ष), अरविंद गंझु (13 वर्ष) से मुलाकात कर जानकारी ली, अनाथ बच्चों ने डीएसई को बताया कि माता पिता के असामायिक मौत के बाद हम दोनों भाई बहन की पढ़ाई परहैया टोला उत्क्रमित विद्यालय में हो रही है। दादी फुलो देवी किसी तरह पाल रही हैं, स्कूल में पढ़ाई के संबंध में पूछे जाने पर बताया कि पढ़ाई ठीक तरह से होती है, अनाथ बच्चों की आपबीती सुनकर डीएसई भावुक हो गईं। डीएसई ने कहा कि बच्ची को कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए प्रयास किया जा रहा है, जल्द ही नामांकन करा दिया जाएगा साथ ही सरकार की ओर से मिलने वाले सुविधाएं दिलाने की बात कही।

### चटुआग विद्यालय से गायब मिले प्रधानाध्यापक व शिक्षक, डीएसई ने मांगा जवाब

अनाथ बच्चो से मिलने के बाद डीएसई कविता खलखो उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चटुआग का औचक निरीक्षण किया। यहां प्रधानाध्यापक बीनोद राम और शिक्षक अजीत कुमार गायब मिले, डीएसई ने जब गायब शिक्षकों के बारे में पुछताछ की तो पहले बोली कि छुट्टी पर हैं, छुट्टी की आवेदन मांगीं तो चुप्पी साध लिए, डीएसई ने टीचर रुपाली सुमन से गायब टीचरों के बारे में रिपोर्ट मांगी है, बच्चों को बोरा में बैठकर पढ़ते देख डीएसई ने निर्देश दिया है कि जबतक डेस्क बेंच नहीं खरीद लिया जाता है तबतक दरी खरीकर कर दरी में बिठाकर बच्चों को पढ़ाएं। इसके बाद डीएसई ने हुटाप गांव के अनाथ बच्चों रुबी कुमारी और सोनी कुमारी से उत्क्रमित उच्च विद्यालय हुटाप में मुलाकात की, सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया, स्कूल का भी निरीक्षण किया, शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। इसके बाद मध्य विद्यालय स्कूल का भी उन्होंने निरीक्षण किया, पढ़ाई के संबध में बच्चों से पुछताछ की, टिचरों को बच्चों कि पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।

### जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी व कामता पंसस अयूब खान ने उठाया अनाथ बच्चो का मुद्दा

गौरतलब हो कि हुटाप के अनाथ बच्चों कि सुविधाओं के लिए जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी, प्रखण्ड उप प्रमुख अश्विनी और चटुआग के अनाथ बच्चों की बदहाली के मामले को पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने उठाते हुए उन्हें सरकारी मदद देने की मांग की थी, इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने गांव पहुंचकर अनाथ बच्चों से मिलकर मामले से अवगत हुई हैं।

